**पटना जिलान्तर्गत अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय पालीगंज में 12 ईकाई पी0ओ0 आवास (G+3) का निर्माण कार्य के लिए दिनांक: 28.11.2018 को प्राप्त ई0-पुनर्निविदा का तकनीकी बीड निस्तार के लिए निगम निविदा समिति का दिनांक 14.01.2019 को आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

**उपस्थिति:-**

| | |
|---|---|
| 1. **श्री अमित कुमार,** प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | अध्यक्ष |
| 2. **श्री उपेन्द्र नारायण,** अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | सदस्य |
| 3. **श्री रवि शंकर चौधरी,** संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | सदस्य |
| 4. **श्री राकेश कुमार,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |
| 5. **श्री तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |
| 5. **श्री रंजित प्र0 सिंह,** महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |

**<u>कार्यवाही:-</u>**

**1.योजना का नाम:-** पटना जिलान्तर्गत अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय पालीगंज में 12 ईकाई पी0ओ0 आवास (G+3) का निर्माण कार्य।

| | |
|---|---|
| **2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹747.48 लाख |
| **3.प्रावैधिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹756.80 लाख **(अनुज्ञेय सीमा के अधीन)** |
| **4.परिमाण विपत्र की राशि:-** | ₹7,11,11,679/- |
| **5.निविदा प्राप्त करने की तिथि:-** | 28.11.2018 |
| **6.निविदा खोलने की तिथि:-** | 30.11.2018 |
| **7.निविदा प्रसारण का माध्यम:-** | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| **8.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम:-** | दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान, दिनांक 27.10.18 |
| **9.प्रकाशन का पी0आर0 संख्या:-** | 10454 (Ni.Ni) 2018-19 |

**<u>10. तकनीकी मूल्यांकन समिति की समीक्षा:-</u>**

<u>प्रथमवार आमंत्रित निविदा:-</u> इस कार्य हेतु दिनांक 22.06.2018 को निविदा प्राप्त की गई थी, जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार-पत्र में हुआ था। जिसका पी0आर0 संख्या-2655 नि0नि0-2018-2019 है, जिसमे तीन निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया, परन्तु अपरिहार्य कारण वश निगम का ओदश का ज्ञापांक, 2204 दिनांक 24.07.2018 के द्वारा रद्द कर दी गयी थी।

<u>द्वितीयवार आमंत्रित पुनर्निविदा (वर्त्तमान):-</u> इस निविदा में चार निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया, जिनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, पटना द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया जो निम्नवत्त है:-

प्रथम निविदादाता "कलसी बुल्डकॉन प्रा0 लि0, मनीकरण टावर, कीबर्न कॉलोनी, हिनु राँची" है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका 4.5A(d), के तहत आवश्यक विद्युतीकरण का निबधन से संबंधित शपथ पत्र निविदा आमंत्रण सूचना के पूर्व का है 4.5B(b), के तहत अभियंता का शपथ पत्र संलग्न नही किया गया है, कंडिका 4.2(i), के तहत इनके द्वारा दिया गया बैक क्रेडिट फैसिलीटी सशर्त है। इसके अतिरित NOC of Debar का कागजात संलग्न नही किया गया है। अतएव, इन्हें नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

द्वितीय निविदादाता "सारा कान्स्टेक एण्ड मैनेजमेन्ट प्रा0 लि0, डी-13, शिवजी पार्क के सामने, कंकड़बाग, पटना-20" है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत इन्हें रिस्पॉन्सिव पाया गया। अतएव समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

तृतीय निविदादाता "मेसर्स वैष्णो इन्टरप्राइजेज, ग्राम-वीर कुँअर सिंह कॉलोनी, चित्रवन, बक्सर" है के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका 4.3A के तहत Power of Attorney of Signatory Bid का कागजात संलग्न नहीं किया गया है। अतएव, इन्हें नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

चतुर्थ निविदादाता "अरुण कुमार, शर्मा भवन, रोड न0-8, राजीव नगर, पटना" है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत इन्हें रिस्पॉन्सिव पाया गया, परंतु इनके द्वारा दिनांक 24.12.2018 को निविदा वापस लेने का अनुरोध किया गया है। अतएव समिति द्वारा इनकी निविदा को अमान्य करते हुए Deposited EMD की राशि ₹14,50,000 (चौदह लाख पच्चास हजार रुपये) मात्र को जब्त करने अनुशंसा की गयी है।

**11. निगम निविदा समिति का निर्णय:-**

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक 11.01.2019 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में इस निविदा के एकमात्र निविदादाता (i) सारा कान्स्टेक एण्ड मैनेजमेन्ट प्रा0 लि0, डी-13, शिवजी पार्क के सामने, कंकड़बाग, पटना-20 को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है तथा शेष तीन निविदादाताओं (i) कलसी बुल्डकॉन प्रा0 लि0, मनीकरण टावर, कीबर्न कॉलोनी, हिनु राँची, (ii) मेसर्स वैष्णो इन्टरप्राइजेज, ग्राम-वीर कुँअर सिंह कॉलोनी, चित्रवन, बक्सर को तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है तथा (iii) अरुण कुमार, शर्मा भवन, रोड न0-8, राजीव नगर, पटना की निविदा को अमान्य करते हुए इनके द्वारा जमा कुल अग्रधन की राशि ₹14,50,000/-(चौदह लाख पच्चास हजार रुपये) मात्र को जब्त किया जाता है। समिति द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि दिनांक 21.01.2019 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य महाप्रबंधक पुन: तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुन: विचार/अंतिम निर्णय हेतु अगली निगम निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में एकमात्र सफल निविदादाता "सारा कान्स्टेक एण्ड मैनेजमेन्ट प्रा0 लि0, डी-13, शिवजी पार्क के सामने, कंकड़बाग, पटना-20" का वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी मुल्यांकन समिति एवं निगम निविदा समिति की बैठक सम्पन्न होने के उपरांत वित्त विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना सं0-7806, दिनांक, 30.09.2016 के आलोक में कार्यावंटन पर निर्णय लेने हेतु निगम निदेशक पर्षद के समक्ष निविदा संबंधित सभी दस्तावेजों/कागजातों को प्रस्तुत करेंगे।

12. निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 14.1.19 | 14.01.19 | 14.1.19 |
| (रंजित प्र0 सिह) | (तपेश्वर प्र0 साह) | (राकेश कुमार) |
| महाप्रबंधक (दक्षिण) | महाप्रबंधक (वित्त) | मुख्य महाप्रबंधक |
| बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |
| | | 14/1/19 |
| (रवि शंकर चौधरी) | (उपेन्द्र नारायण) | (अमित कुमार) |
| संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | प्रबंध निदेशक बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |